भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 1281
सोमवार, 13 मार्च, 2023 (22 फाल्गुन, 1944 (शक)) को दिया जाने वाला उत्तर

नए विमान पत्तनों और हवाई पट्टियों का निर्माण

1281. श्री सतीश चंद्र दूबे:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) नए विमान पत्तनों और हवाई पट्टी के निर्माण के लिए राज्य सरकारों द्वारा केंद्र सरकार को आवेदन किए गए स्थानों की राज्य-वार संख्या कितनी है;
(ख) क्या सरकार ने इस संबंध में अपनी स्वीकृति दे दी है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बिहार राज्य के विशेष संदर्भ में अब तक हुई प्रगति का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) प्रत्येक मामले में अस्वीकृति के क्या कारण हैं; और
(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में कब तक निर्णय लिए जाने की संभावना है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (जनरल) (डॉ.) विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त)

(क) से (ङ): भारत सरकार द्वारा ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति, 2008 तैयार की गई है जिसमें बिहार सहित देश में ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों के निर्माण के संबंध में विस्तृत दिशानिर्देश, प्रक्रियाएं एवं इसके विभिन्न चरणों का विवरण दिया गया है। ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति के अंतर्गत ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना के इच्छुक परियोजना प्रस्तावक – हवाईअड्डा विकासकर्ता अथवा संबंधित राज्य सरकार को, निर्धारित प्रारूप में अपना प्रस्ताव नागर विमानन मंत्रालय को, दो चरणों की अनुमोदन प्रक्रिया अर्थात 'स्थल क्लीयरेंस' एवं उसके पश्चात 'सैद्धांतिक अनुमोदन' प्राप्त करने के लिए प्रस्तुत करना होता है।

भारत सरकार द्वारा, ग्रीनफील्ड हवाईअड्डा नीति के अंतर्गत देश में 21 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों, नामत: गोवा में मोपा, महाराष्ट्र में नवी मुम्बई, शिर्डी तथा सिंधुदुर्ग, कर्नाटक में कलबुर्गी, विजयपुरा, हसन एवं शिवमोगा, मध्य प्रदेश में डाबरा (ग्वालियर), उत्तर प्रदेश में कुशीनगर और नोएडा (जेवर), गुजरात में धौलेरा तथा हीरासर, पुद्दुचेरी में कराईकल, आंध्र प्रदेश में दगादार्थी, भोगपुरम एवं ओरवाकल (कुरनूल), पश्चिम बंगाल

में दुर्गापुर, सिक्किम में पेक्यांग, केरल में कन्नूर तथा अरूणाचल प्रदेश में ईटानगर की स्थापना के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान कर दिया गया है।

इनमें से 11 ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे यथा दुर्गापुर, शिर्डी, कन्नूर, पेक्यांग, कलबुर्गी, ओरवाकल (कुरनूल), सिंधुदुर्ग, कुशीनगर, ईटानगर, मोपा एवं शिवमोगा प्रचालनात्मक हो गए हैं।

भारत सरकार द्वारा तीन ग्रीनफील्ड हवाईअड्डों, नामत: राजस्थान में अलवर, मध्य प्रदेश में सिंगरौली तथा हिमाचल प्रदेश में मंडी, के निर्माण के लिए स्थल क्लीयरेंस दी गई है।

इन हवाईअड्डा परियोजनाओं के वित्त पोषण सहित परियोजना कार्यान्वयन का उत्तरदायित्व संबंधित राज्य सरकार (यदि राज्य सरकार परियोजना प्रस्तावक है) सहित, संबंधित हवाई अड्डा विकासकर्ता का है।

****